दिनांक : 29/04/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-विपक्षी दलों के कारण लोकसभा में पारित नहीं हो सका नारी शक्ति वंदन अधिनियम, हम महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे।
- शिक्षा अधिकार कानून के अंतर्गत विद्यार्थियों का दाखिला राष्ट्रीय मिशन, सुप्रीम कोर्ट ने कहा।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जारी। किसानों को ढ़ाई हजार करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी, कई जिलों में लू का अलर्ट।

प्रधानमंत्री उत्तरप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी दलों के कारण लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं हो सका। लेकिन हम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में आरक्षण दिलाकर रहेंगे। उन्होंने कल वाराणसी में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ..

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश की दो दिन की यात्रा के दूसरे दिन आज हरदोई में गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह पांच सौ 90 किलोमीटर लंबा, छह लेन का गंगा एक्सप्रेस-वे ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरीडोर है इसे लगभग 36 हजार दो सौ 30 करोड़ रूपये की लागत से बनाया गया है।

सर्वोच्च न्यायालय - प्रवेश

सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत, विद्यार्थियों के अनिवार्य दाखिले को राष्ट्रीय मिशन बताया है। न्यायालय ने कल कहा कि निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों सहित नजदीकी विद्यालय, पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी देरी के दाखिला देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला ना देना, संविधान के अनुच्छेद 21-अ के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

न्यायालय ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत ऐसे विद्यार्थियों के लिए तय, 25 प्रतिशत आरक्षण में, सामाजिक संरचना को सकारात्मक रूप से बदलने और समानता की भावना को बढ़ावा देने की क्षमता है। न्यायालय ने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

शासकीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा “मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार” वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट www.awards.mp.gov.in के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष कुल 15 पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रत्येक चयनित को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। एक ही कार्यक्षेत्र में एक से अधिक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि उनमें समान रूप से वितरित की जाएगी।

## जनगणना प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों को जनगणना प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण में भारत की जनगणना 2027 पर केन्द्रित चर्चा की। इस बार जनगणना का अनुभव अलग रहने वाला है क्योंकि यह पूरी तरह से डिजिटल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गणना करने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। नागरिक खुद भी अपनी जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कर सकते हैं।

## गेहूं उपार्जन

प्रदेश में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया। मध्यम और बड़े किसानों को स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई। इस श्रेणी के 1 लाख 60 हजार 261 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई तक की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मंत्रि-परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अब तक कुल 9.49 लाख स्लॉट बुक हुए हैं जिनमें 4.49 लाख किसानों ने अपनी फसल बेची है। अब तक कुल 19.31 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हो चुका है, जिसके लिए 2 हजार 547 करोड़ रूपए की राशि भुगतान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक शनिवार के अवकाश दिवस में भी स्लॉट बुकिंग और उपार्जन जारी रहेगा। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 प्रति केन्द्र की गई है। किसान को तहसील के स्थान पर जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा दी गई।

## दौरा-अतिरिक्त सचिव

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास की अतिरिक्त सचिव कैरोलिन खोंगवार देशमुख ने कहा कि लाभार्थियों तक सेवाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करना प्रशासनिक तंत्र की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कल भोपाल प्रवास के दौरान उन्होंने यह बात महिला एवं बाल विकास संचालनालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य की प्रगति की समीक्षा की।

श्रीमती खोंगवार ने विभागीय नवाचारों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता और गतिशीलता को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। श्रीमती देशमुख ने मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखने के लिए भोपाल जिले के विभिन्न केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने ईंटखेड़ी परियोजना के जेपी नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया, जहाँ बच्चों के साथ सीधा संवाद कर उनकी शिक्षा और पोषण के स्तर को समझा।

मदिरा दुकान- आबकारी आयुक्त-निर्देश

प्रदेश की मदिरा दुकानों पर हो रही मनमाने दामों पर बेंचने  और नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए अब तकनीक और सख्ती करने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने बताया कि अब इसके लिए हर मदिरा दुकान पर क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगी, जिससे वे मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। कल सबसे अधिक तापमान खजुराहों में 44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं प्रदेश के बड़े शहरों में भोपाल 43.6, जबलपुर 42.7 और इंदौर 42.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, चंबल, छतरपुर, सतना, रीवा, विदिशा, सागर, और रायसेन सहित 15 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में, आज मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शाम साढे सात बजे से मुकाबला होगा।

वहीं कल हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए, डोनोवन फरेरा ने नाबाद 52 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- मंदसौर जिले के कुरावन गांव में कलेक्टर अदिती गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने रात्रि चैपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और निराकरण किया।
- नगर निगम खंडवा के विशेष सम्मेलन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर असहयोग के विरोध में निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

- शिवपुरी जिले में तेज गर्मी के कारण आंगनवाड़ी केन्द्रों के समय में परिवर्तन किया गया है।
- आगरमालवा कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए 57 आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर निराकरण किया।
- मंडला जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी विद्यालयों में नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है।
- जबलपुर में कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये 95 आवेदनों को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।
- डिंडौरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में कुल 200 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे।

-------------